हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–274 : जौनपुर, बुधवार 09 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वाराणसी में नामांकन कल से शुरू : 21 फरवरी तक नाम वापसी और 7 मार्च को मतदान

वाराणसी ब्यूरो : विधानसभा चुनाव के सातवें चरण की अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी हो जाएगी। इसके साथ ही वाराणसी की आठों विधानसभाओं की नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में ही अलग–अलग कक्ष में नामांकन स्थल बनाया गया है और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नामांकन स्थल तक उम्मीदवार के साथ दो और लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। उधर, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने अपने कैंप कार्यालय पर मंगलवार को बैठक कर सभी निर्वाचन व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की प्रक्रिया में 10 फरवरी को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन शुरू हो जाएगा। 17 फरवरी नाम निर्देशन दाखिल करने का अंतिम दिन होगा। सार्वजनिक अवकाश के दिनों में नामांकन दाखिल नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में 12 फरवरी को द्वितीय शनिवार और 13 फरवरी को रविवार के चलते नामांकन नहीं होगा। नाम निर्देशन की जांच 18 फरवरी को होगी और नाम वापसी 21 फरवरी तक की जाएगी। 7 मार्च को मतदान तथा मतगणना 10 मार्च को होगी। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था आठ अलग अलग कक्ष में होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि नामांकन सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जा सकता है। इन जगहों पर होगा नामांकन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 384–पिण्डरा का नामांकन स्थल अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रोटोकॉल) वाराणसी के न्यायालय कक्ष में, 385–अजगरा (अ.जा.) हेतु बन्दोबस्त अधिकारी, चकबंदी वाराणसी न्यायालय कक्ष, 386– शिवपुर हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी, वाराणसी न्यायालय कक्ष, 387– रोहनियां हेतु अपर



जिला मजिस्ट्रेट (नगर) वाराणसी न्यायालय कक्ष में किया जायेगा। इसी क्रम में 388– वाराणसी उत्तरी का अपर नगर मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) वाराणसी न्यायालय कक्ष, 389– वाराणसी दक्षिणी हेतु अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) वाराणसी न्यायालय कक्ष, 390– वाराणसी कैंटोनमेंट हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) वाराणसी न्यायालय कक्ष, 391– सेवापुरी हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (ना/आ) वाराणसी न्यायालय कक्ष में किया जायेगा। नामांकन करने वालों के लिए माननी होंगी यह शर्त भारत का नागरिक हो और प्रदेश के किसी भी विधानसभा का मतदाता हो उम्मीदवार की उम्र 25 वर्ष से कम न हो, मतदाता सूची की साक्ष्य प्रति भी देनी होगी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय दल के प्रत्याशी को एक एक प्रस्तावक व निर्दलीय उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक चाहिए प्रस्तावक संबधित विधानसभा का हो और कोई भी उम्मीदवार को दो से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्र से नहीं लड़ सकता सामान्य जाति के प्रत्याशी के लिए 10 हजार और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए पांच हजार जमानत राशि नामांकन से एक दिन पहले निर्वाचन उपयोग के लिए नया बैंक खाता खोलना जरूरी।

## निर्वाचन–2022 शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध् यक्षता में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के नामांकन एवं मतदान, मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के संबंध में मंगलवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियोंध् कार्मिको को निर्देशित किया कि सभी पार्टियों के लिए एक जैसे मानक का पालन कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी आर0ओ0 को निर्देश दिया कि 10 फरवरी 2022 से नामांकन प्रारम्भ होने से पूर्व सुसज्जित नामांकन कक्ष तैयार करा ले और उसे मॉडल नामांकन कक्ष के रूप में विकसित करें। उन्होंने समस्त आर0ओ0 को निर्देशित किया कि फार्म–6 का डिस्पोजल शत–प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, जिससे किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो। डीपीआरओ को निर्देशित किया कि ईवीएम मशीनों को चेक करा ले और किसी भी की समस्या हो तो ठीक करा ले। ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी कर दें, जिससे उनको किसी प्रकार की समस्या न हो। मोबाइल, गैजेट्स आदि नामांकन कक्ष में प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष के ऊपर के दिव्यांगों की बूथवार लिस्ट शीघ्र तैयार कर ले और कर्मचारियों की ट्रेनिंग के संबंध ा में जानकारी प्राप्त की। मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान चलाकर सकारात्मक, प्रतिस्पर्धा कराकर आमजनता को जागरूक करें, जिसमें व्यापारी, चिकित्सको, कोटेदारों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी, आशा,




एनजीओ आदि के माध्यम से जन आंदोलन कराकर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं, जिससे लोकतंत्र के महापर्व पर सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कोविड हेल्प डेस्क व्यवस्था सुनिश्चित करें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। कोरोना संक्रमण देखते हुए सामाजिक दूरी, मास्क, सैनिटाइजर का प्रयोग अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने एमसीएमसी, एनसीसी, स्वीप अभियान आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर हिमान्शु नागपाल, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामदरश यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त आरओ, ए.आर.ओ. एवं जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खत्म नहीं हुआ है ब्लैक फंगस: लापरवाही पर आंखों की रोशनी जाने का खतरा : डॉक्टरों ने बताई ये वजह

गोरखपुर ब्यूरो : संक्रमित मरीजों को अगर आंखों में दिक्कत हो रही है तो वे इलाज के लिए तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें वरना, उनकी आंखें खराब हो सकती हैं। खास तौर पर ब्लैक फंगस के मरीजों को सबसे ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। किसी लापरवाही पर ब्लैक फंगस के शिकार मरीजों की आंखों की रोशनी जाने तक का खतरा है। ऐसे मरीजों को डॉक्टरों की सलाह है कि संक्रमण से बचें और समय–समय पर आंखों की जांच कराते रहें। अगर लापरवाही हुई तो रोशनी जा सकती है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में दूसरी लहर के बाद 100 से अधिक मरीजों का ब्लैक फंगस का ऑपरेशन हुआ था। जानकारी के मुताबिक, कोरोना वायरस की वजह से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संक्रमण से मुक्ति के बाद भी लोगों में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रामकुमार जायसवाल ने बताया कि पहली और दूसरी लहर के दौरान खराब फॉलोअप की वजह से कुछ मरीजों की आंखों की रोशनी कम हुई है। लेकिन, राहत इतनी है कि ऐसे लोग दोबारा सही समय पर इलाज के लिए पहुंच गए।

## चुनाव प्रचार थमा, पहले चरण में वोटिंग कल : 11 जिलों की 58 सीटों पर होगा मतदान

लखनऊ ब्यूरो : विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को चुनाव प्रचार शाम छह बजे थम गया। इस चरण में पश्चिमी यूपी के 11 जिलों की 58 सीटों पर बृहस्पतिवार को वोट डाले जाएंगे। यहां 2.27 करोड़ मतदाता 623 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मदेव राम तिवारी ने बताया कि मतदान के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 800 कंपनियों के साथ 30 कंपनी पीएसी और बड़ी संख्या में जिलों से पुलिस बल उपलब्ध ा कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील बूथों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी। इन जिलों में वोटिंग मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, शामली, अलीगढ़, मथुरा और आगरा। वोटर आईडी नहीं तो फोटो युक्त पहचानपत्र दिखाना होगा जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट में हैं, लेकिन वोटर आईकार्ड जारी नहीं किया गया है, वे फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकेंगे। उन्हें 12 विकल्प दिए गए हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचानपत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज, केंद्र–राज्य सरकार–लोक उपक्रम–पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र, सांसदों–विध ाायकों–विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी दिव्यांगता पहचान पत्र शामिल हैं। नामांकन पांचवे चरण में 12 जिलों की 61 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन 457 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण के लिए कुल 965 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 11 फरवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सबसे अधिक 28 उम्मीदवारों ने प्रयागराज की प्रतापपुर विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी पेश की है। वहीं सबसे कम बहराइच की महसी और बाराबंकी की हैदरगढ़ सीट से 9–9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं छठे चरण के लिए अब तक 149 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इस चरण में 10 जिलों की 57 सीटों पर नामांकन की अंतिम तारीख 11 फरवरी है।

## बैंड–बाजा तैयार पर चुनाव के कारण बरातियों को नहीं मिल रही बसें

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के चलते लखनऊ सहित आसपास के जिलों में शादी के परिवारों की बेचौनी बढ़ गई, जिनकी 100–200 किमी के दायरे में बरात जाना है। दरअसल, 18, 19, 20 व 22 फरवरी की शादियों में बरातियों को ले जाने के लिए निजी ऑपरेटर की बसें नहीं मिल रहीं हैं। लखनऊ सहित आसपास के जिलों में 23 फरवरी को मतदान होने के कारण संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने निजी बसों को शादी परमिट देना बंद कर दिया है। जबकि आरटीओ बसों का अधिग्रहण करने के लिए मालिकों को नोटिस जारी कर चुका है। नोटिस के मुताबिक 20 फरवरी की शाम पांच बजे तक ये बसें रिजर्व पुलिस लाइंस में मालिकों को पहुंचाने का अल्टीमेटम है। ऐसे परिवार विकल्प के रूप में ट्रेवल एजेंसियों में कार की बुकिंग करा रहे हैं, जिससे अधिक जेब ढीली करनी पड़ेगी। जो बसें उपलब्ध, उनका भाड़ा ज्यादा शादी के एक परिवार ने बताया कि रोडवेज की बसें तो हैं, मगर उनका भाड़ा अधिक होने से बुक नहीं करा रहे हैं। कैसरबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि 52 सीटर बस का 400 किमी शादी की यात्रा के लिए 24,081 रुपये का भाड़ा तय किया है। ये बुकिंग भी 24 घंटे के लिए होगी। बस 400 किमी से अधिक चलती है तो फिर प्रति किमी रेट भाड़ा अलग से चुकाना पड़ता है। उन्होंने बताया अब तक बरात के लिए कोई बस बुक नहीं हुई है। तीन–तीन तरफ से दबाव लखनऊ निजी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के महामंत्री मेजर एमए खान ने बताया कि चुनाव में निजी ऑपरेटरों की रूट, स्कूल व सिटी बसों का अधिग्रहण करने के लिए तीन–तीन तरफ से दबाव है। एक तो आरटीओ ने नोटिस जारी कर दिया। लोकल थाना की पुलिस एवं जिला प्रशासन अलग से लखनऊ में 23 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए 20 फरवरी को बसें अपने कब्जे ले लेगा। उधर, आरटीओ के द्वारा शादी के लिए बस परमिट देना भी बंद कर दिया गया है। मेजर एसए खान ने बताया कि आरटीओ 20 फरवरी को बसों का अधिग्रहण करेगा और 23 फरवरी को छोड़ेगा। इस तरह बस चार दिन ड्यूटी करेगी, मगर 2000 रुपये प्रति दिन के हिसाब से तीन दिन का भाड़ा मिलेगा। निजी बसों का भाड़ा 50 किमी –– 5000–6000 रुपये 100 किमी –– 16,000–17,000 रुपये शादी बस परमिट पर नहीं पाबंदी आरटीओ (प्रशासन) लखनऊ संभाग आरपी द्विवेदी का कहना है कि संभागीय परिवहन कार्यालय ने शादी के लिए बस परमिट देने पर कोई पाबंदी नहीं लगाई है। निजी बस ऑपरेटरों का यह कहना गलत है। ऑपरेटर आवेदन करेंगे तो प्रशासन से अनुमति लेकर परमिट देने पर विचार किया जाएगा।

## लोक कल्याण संकल्प पत्र : नए वायदे और इरादों के साथ आगे बढ़ी भाजपा

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने विध ाानसभा चुनाव–2022 का लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी करते हुए विरासत से विकास तक सरोकारों को साधा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीकों के जरिये पिछड़े और दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। वहीं निवेश और आधारभूत विकास के जरिये युवाओं की उम्मीद भी जगाई है। प्राकृतिक खेती के जरिये नदियों की पवित्रता को सहेजने का संकल्प लिया है। वहीं कबीर की वाणी से लेकर ब्रज और अवधि भाषा के संरक्षण के साथ क्षेत्रीय संतुलन बनाने की भी कोशिश की है। भाजपा ने संकल्प पत्र जरिये साफ कर दिया है कि वह राष्ट्रवाद के साथ सुशासन और विकास के जरिये ही यूपी को देश का नंबर वन प्रदेश बनाने का रोडमैप तैयार कर रही है। पांच साल में दस लाख करोड़ का निवेश लाकर लाखों युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध ा क राकर प्रदेश की युवा ऊर्जा का प्रदेश में ही उपयोग कर पलायन रोकने का संदेश दिया है। वहीं कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाकर यूपी को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने की राह दिखाई है। निषादराज, रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानंद, महर्षि सुश्रुत जैसे महापुरुषों के नाम से योजनाओं को संकल्प पत्र में शामिल कर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे को आगे बढ़ाया है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम से भी योजनाएं लागू करने की बात कर अपने बुजुर्गों को सम्मान देने और कोतवाल धन सिंह गुर्जर और जनरल विपिन रावत डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का जिक्र कर देशभक्तों को सम्मान देने का संदेश दिया है। दलित वोट बैंक को साधने के लिए उनके प्रतीक महर्षि वाल्मीकि का चित्रकूट, बनारस में संत रविदास और डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में सांस्कृतिक केंद्र स्थापना की घोषणा की है। वहीं परंपरागत पासी वोट बैंक के




लिए महाराजा पासी के लखनऊ स्थित महाराजा बिजली पासी किले में लाइट एंड साउंड शो की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। निषाद वोट बैंक पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए निषादराज गुह्म का श्रृंग्वेरपुर में सांस्कृतिक केंद्र बनाने की बात की गई है। भाजपा ने ब्राह्मणों की नाराजगी को दूर करने के लिए बुजुर्ग संतों, पुजारियों और पुरोहितों के कल्याण की योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए विशेष बोर्ड बनाने की घोषणा की है। वहीं लोधी वोट बैंक को संदेश देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम पर ग्राम उन्नत योजना शुरू करने की घोषणा की है। भाजपा ने संकल्प पत्र में क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व देकर क्षेत्रीय संतुलन बनाने का भी प्रयास किया है। मथुरा में सूरदास ब्रजभाषा अकादमी की स्थापना, अवधि भाषा के लिए गोस्वामी तुलसीदास अवध ा अकादमी और बुंदेलखंड के लिए केशवदास बुंदेली अकादमी की स्थापना की जाएगी। वहीं पूर्वांचल के लिए काशी क्षेत्र के लिए संतकबीरदास भोजपुरी अकादमी की घोषणा की है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## भागवत कथा सुनने से पाप मुक्त हो जाते मानव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर के भदेवरा कलियुग में उद्धार पाने का आधार नाम है। सतयुग, त्रेता, द्वापर में यह मुक्ति हवन, साधना, ध्यान, योग आदि विधियों से उद्धार संभव था। कलियुग में एकमात्र साधना नाम जपना ही उद्धार करा देता है। उक्त बातें मंगलवार को भदेवरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के सातवे दिन कथा व्यास हरिकेश जी उपाध्याय जी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा से ही राजा परीक्षित का उद्धार हुआ था। कलियुग के गुण को सुनकर राजा परिक्षित ने उन्हें सोने में स्थान दिया। यूं तो कलियुग का चार स्थान वैश्यालय, मदिरालय, जुआ स्थल एवं हिसक स्थल है। जैसे ही राजा परीक्षित ने कलियुग की सोने में स्थान दिया और सोने का मुकुट पहना कलियुग ने असर दिखाना प्रारंभ कर दिया। इसी कारण राजा परीक्षित ने शिकार करना शुरू कर दिया। जंगल के श्रृंगी ऋषि के आश्रम में अपनी प्यास बुझाने पहुंचे। वहां पर शमिक ऋषि ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा ने पीने के लिए जल मांगा लेकिन ऋषि के ब्रह्मध्यान में लीन होने के कारण ध्यान नहीं दे पाए। इसके बाद कलियुग के प्रभाव से राजा क्रोध में आकर ऋषि को ढोंगी मानकर उनका अपमान कर दिया। राजा ने एक सांप मारकर ऋषि के गले में डाल दिया। यह अपमान शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि ने देखा इसके बाद शमिक ऋषि ने श्राप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक सर्प उन्हें डसेगा। पुनः शमिक ऋषि ने इसकी सूचना राजा परीक्षित को अपने पुत्र के माध्यम से दिया तो राजा परीक्षित अपना सारा राजपाट छोड़कर गंगातट पर भगवान शरण ली इस अवसर पर देवव्रत चौबे सत्या नंद चौबे सागर चौबे मनोज सिंह पीयूष सिंह जयराम पाठक शिवपूजन उपाध्याय संतोष चौबे गुलाब आदि मौजूद रहे।

## रामचरितमानस की चौपाई से सुलझेगी भौतिक विज्ञान की गुत्थी

वाराणसी ब्यूरो : भगवान राम के नाम पर चलने वाले वर्चुअल विद्यालय स्कूल ऑफ राम में सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की गई है। एक महीने के कोर्स में रामचरितमानस की चौपाइयों से भौतिक विज्ञान की गुत्थियां सुलझाई जाएंगी। यह देश में पहला अनोखा प्रयास होगा जिसमें किसी ध




ार्मिक ग्रंथ को वैज्ञानिक प्रयोग के माध्यम से समझने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल करने एवं भारत केंद्रित शिक्षा देने की बात की गई है। इसी उद्देश्य से नया कोर्स शुरू किया गया है। स्कूल के संस्थापक और बीएचयू छात्र प्रिंस तिवाड़ी ने बताया कि महान गणितज्ञ, भौतिक विज्ञानी एवं दार्शनिक सर आइजक न्यूटन ने भले ही वर्ष 1687 में अपने शोध पत्र प्राकृतिक दर्शन के गणितीय सिद्धांत से गुरुत्वाकर्षण और गति के नियमों की गुत्थी सुलझा दी थी। साथ ही यह भी साबित किया था कि सभी सिद्धांत प्रकृति से जुड़े हैं। बावजूद आज भी गणित, भौतिक विज्ञान की के बुनियादी सिद्धांतों की जटिलता बनी हुई है। स्कूल ऑफ राम इन्हीं विज्ञान के सिद्धांतों के सिरे अब श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से खोलने जा रहा है। मंगलवार को ऑनलाइन कार्यक्रम में 70 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कोर्स में होगा यह शामिल प्रिंस ने बताया कि इस कोर्स में रामचरितमानस में भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इसमें गति के नियम, प्रकाशिकी, वाष्पीकरण, मृगमरीचिका, वैमानिकी, इंजीनियर, ऊर्जा, चुंबकत्व आदि को रामचरितमानस की चौपाइयों से समझाया जाएगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जिनके परमात्मा से रिश्ते गहरे होते हैं, उनके आज और कल दोनो सुनहरे होते है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार और मोटरसाइकिल सवार में हुई जबरदस्त भिड़ंत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के भानपुर गॉव से होकर गुजरने वाली रामपुर सुरेरी मार्ग पर सोमवार की शाम रामपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार विपरित दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो लोग हुये चोटिल स्थानीय लोंगो के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र रामपुर भेजकर कार्यवाही में जूट गयी । जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भानपुर गॉव में सोमवार की शाम रामपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने विपरत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार 25 वर्षिय नीरज पुत्र पारसनाथ व उसके पिता 55 वर्षिय पारसनाथ निवासी भानपुर गम्भीर रूप से चोटिल हो गए जिसकी सूचना स्थानीय लोंगो द्वारा सुरेरी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र रामपुर भेजा गया ।और मौके से टाटा इंडिका विस्टा उी43 एबी 2035 कार जिस पर श्री श्री 1008 श्री खाकी बाबा कुंभ भीरा बाजार आजमगढ़ श्री महंत बसंत गिरी जी बालक सूरदास जी जूना अखाड़ा लिखा हुआ था द्य उसे थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गये । इस संबन्ध में थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायन चौरसिया ने बताया घायल व्यक्ति को अस्पताल भिजवा कर गाड़ी को सीज कर दिया गया है।

# वीआईपी प्रत्याशी पप्पू भारती को फोन पर चुनाव न लड़ने को लेकर दी गयी धमकी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत (सु)विधानसभा से विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी पप्पू भारती को अज्ञात फोन पर गाली गलौज देते हुए मारने की धमकी दी गई ।धमकी मिलने पर समर्थों के साथ पप्पू भारती ने केराकत कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाते हुए मीडिया से बताया कि मेरी पत्नी मौजूदा जिला पंचायत सदस्य है और मैं विकासशील इंसान पार्टी से केराकत विधानसभा से चुनाव लड़ रहा हूँ ।मुझे लगातार चुनाव न लड़ने को लेकर बार बार कहा जा रहा था हद तो तब हो गयी जब सोमवार को दोपहर मेरे नम्बर पर अज्ञात फोन आया और मुझसे गाली गलौज देते हुए चुनाव न लड़ने के साथ पैसो की गर्मी उतारने की बात कहते हुए मारने की धमकी दी। कोतवाली में अपने समर्थको के साथ पहुंच कर अज्ञात फोन को लेकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि पप्पू कुमार भारती की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धारा 507 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सुजकी कार व स्कार्पियो की टक्कर में तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के कलिजरा मोड़ के पास फोरलेन पर सुजकी कार व स्कार्पियो के बीच हुई जबरजस्त भिड़ंत में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए! घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया ! गंभीर हालत होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया ! घटना मंगलवार 10:30 बजे सुबह की है ! ग्राम चेती रामनगर थाना सुजानगंज निवासी डॉक्टर संदीप यादव अपनी स्कार्पियो कार से जौनपुर जा रहे थे ! वह जैसे ही कलिजरा मोड़ के पहुंचे थे कि जौनपुर की तरफ से आ रही सुजुकी कार से जबरदस्त भिडंत हो गयी! दोनों वाहनों के बीच हुई भिडंत में सुजकी कार सवार हर्ष पांडे 20 वर्ष पुत्र आत्मा प्रसाद पांडे निवासी शीहीपुर थाना लाइन बाजार तथा ज उनके भाई ऋषभ पांडे 22 वर्ष व स्कार्पियो सवार डा0 संदीप पाण्डेय 34 वर्ष बुरी तरह घायल हो गये! दोनों वाहनों की भिड़ंत की आवाज इतनी तेज थी कि अगल बगल के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल से ही किसी ने प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा को उनके सीयूजी नंबर पर टेलीफोन कर घटना की जानकारी दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सदल बल सहित मौके पर प्रभारी निरीक्षक पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु सीएससी बदलापुर भिजवाया। डॉक्टरों ने घायलों का प्रथम उपचार करने के बाद गंभीर हालात होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# चुनाव से पहले मीरगंज पुलिस ने 1428 लोगो को शान्ति भंग में किया पाबंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिधान सभा चुनाव शान्ति पुर्वक ढंग निपटाने के लिए मीरगंज पुलिस ने अब तक 1428 लोगो को शान्ति भंग की कार्यवाही मे पाबंद किया है इस दौरान 110 लोगो का शान्ति भंग मे चालान भी किया जा चुका है। बिधान सभा चुनाव के लिए मीरगंज पुलिस ने तैयारी के तहत 33 ग्राम पंचायत मे 1428 लोगो को शान्ति भंग मे पाबंद किया है वही 110 लोगो को 151 शान्ति भंग के तहत चालान किया जा चुका है 30 लोगो को मिला गुण्डा व 21 लोगो को गुण्डा की कार्यवाही की गयी है 180 लीटर अवैध शराब भी बरामद की जा चुकी है थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिह का कहना है की बिधानसभा चुनाव शांति पुर्वक से निपटाने के लिए शान्ति भंग की कार्यवाही की गयी तथा असामाजिक तत्वों पर पुलिस नजर बनाये हुए है चुनाव के दौरान कई लोगो को लाल कार्ड भी जारी किये जायेगे। अब तक 135 शसत्र जमा करा लिए गये 30 शसत्र जमा कराना बाकी है इन्हे भी जल्द जमा करा लिये जायेगे।

## कैंडल जलाकर भारत रत्न व स्वर कोकिला को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वर कोकिला व भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर विभिन्न शिक्षा संस्थानों संगठनों की ओर से उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई कैंडल जलाकर उन्हें याद किया ।भारत रत्न लता मंगेशकर के जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने देश के लिए संगीत के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दिया है। स्वर कोकिला का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है वह भारतीय कला और संस्कृति की आधार स्तंभ थी। न्यू शक्ति कॉलेज के डायरेक्टर राजन सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर हमारे बीच नहीं रहे मगर उनकी मधुर आवाज का जादू चलता रहेगा अपने गीतों के जरिए वह हमेशा हमारे बीच रहेंगी ।इस मौके पर राजन सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता (बबलू), अनुपम तिवारी , सत्यदेव सिंह, प्रशांत सिंह, नीरज तिवारी, अश्वनी सिंह, राकेश सिंह, दिनेश गुप्ता संतोष गुप्ता, मयंक अग्रवाल, दीपक व विक्की गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सीडीओ ने किया स्टेडियम चरियाही का आकस्मिक निरीक्षण! मनरेगा से बाउण्डीवाल बनवाये जाने का दिया निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज के चरियाही मिनी स्टेडियम का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुचे मंगलवार दोपहर सीडीओ अनुपम शुक्ला चरियाही गॉव पहुच स्टेडियम भवन व खेलकूद मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया है स्टेडियम मे बने शौचालय की गन्दगी देख नाराजगी जताई स्टेडियम भवन जगह जगह जर्जर देख टूटी खिड़कियो की रिपेरिंग व बाउन्डीवाल मनरेगा के तहत बनवाने का बीडीओ महराजगंज शशिकेश सिह को निर्देश दिया !चरियाही पंचायत सिक्रेटरी दिनेश सिह की गैर मौजूदगी पर एडीओ पंचायत हेमंत श्रीवास्तव ने सफाई देते हुए उन्हे ट्रेनिग मे जाने की बात बताई ! सीडीओ अनुपम शुक्ला चरियाही स्टेडियम के बाद कोल्हुआ खेलकूद मैदान का भी स्थलीय निरीक्षण किया! बालीवाल समेत अन्य खेलकूद सामाग्री उपलब्ध कराने का निर्देश युवा कल्याण अधिकारी महराजगंज पंकज कुमार सिह को भी निर्देशित किया ! सीडीओ के निरीक्षण दौरान साथ मे बीडीओ महराजगंज शशिकेश सिह एडीओ पंचायत हेमंत श्रीवास्तव 'युवा कल्याण अधिकारी पंकज कुमार सिह चरियाही ग्राम प्रधान बृजलाल यादव ग्राम पंचायत अधिकारी विजयभान यादव पुरूषार्थ यादव आदि मौजूद रहे।

# वित्तविहीन शिक्षकों की हुई बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट की एक बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष लालचन्द विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जीजीआईसी के प्रांगण में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षक एमएलसी लालबबिहारी यादव के निर्देशानुसार जनपद एवं प्रदेशभर के वित्तविहीन शिक्षक समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे। वित्तविहीन गुट के जौनपुर जनपद के पदाधिकारियों को विधानसभा वार जिम्मेदारियां सौंप दी गयी हैं। अपने विधानसभा के सम्मानित प्रत्याशियों से मिलकर उक्त निर्देश से अवगत कराएंगे तथा बूथ स्तर तक मतदान में सहयोग करेंगे। जिला महामंत्री विवेकानंद यादव ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकोंके का हित समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही होगा। बैठक में घनश्याम यादव, प्रभाकर दुबे, नन्दलाल यादव, विजयप्रताप यादव, एनके प्रजापति, सुनील सिंह, संजय गुप्त, रामप्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

## बक्शा थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव में घरेलू गैस सिलेंडर में लगी आग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव में खाना बनाते समय घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग जाने से ग्रामीण भयभीत हो दूर जा खड़े हुए। बदलापुर से पहुँचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उक्त गांव निवासी प्रेमचन्द गौतम के घर की महिलाएं मंगलवार को खाना बना रही थी। असावधानी बस आग रेगुलेटर पाइप में पकड़ लिया। आग की लपट देख परिवार के दो युवकों ने गैस सिलेंडर व चूल्हा निकाल घर से दूर गेंहू के खेत में फेंक दिए। गांव निवासी रवि ने बदलापुर फायर बिग्रेड को फोन से सूचना दिया। थोड़ी ही देर में पहुँचे फायर बिग्रेड के जवानों ने आग पर काबू पा लिया।

## लेखपाल द्वारा सार्वजनिक स्थान पर कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर क्षेत्रीय लेखपाल रमेश चंद्र त्रिपाठी ने रामपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रामपुर के तीन से चार लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं कि सूचना पर उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंच अवैध निर्माण कार्य को रुकवाया। जानकारी के अनुसार लेखपाल रमेश चंद्र त्रिपाठी ने रामपुर पुलिस में तहरीर देकर ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। जिस पर रामपुर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने की मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ने बताया कि लेखपाल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## विषैला पदार्थ खाने से विवाहिता की हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के सोनाई गांव में एक विवाहिता ने रविवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया ।जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी ।सूचना पर पहुँची बरसठी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। सोनाई गांव में सिंटू कन्नौजिया की पत्नी 30 वर्षीय शशिकला ने रात में जहरीला पदार्थ खा लिया ।उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गये ।जहाँ पर उसकी हालत में सुधार नही हुआ तो स्वजन उसे दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते मे दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही मृतका के पिता शंकरलाल कन्नौजिया ने कंट्रोल को सूचना दिया कि बेटी के ससुराल वालों ने दहेज के लिए जहर देकर मार डाला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रहे है ।मृतका की शादी फरवरी 2016 में हुई थी,उसका मायका वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के बरही नेवादा गांव में है ।मृतका को एक 4 वर्ष की पुत्री व 3 वर्ष का पुत्र है।

# विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय साढापुर में चोर ताला तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो गए। विद्यालय के कमरे में सामान टूटकर बिखरा पड़ा था। विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इससे पहले भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है। बीती रात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर मिड–डे मिल के लिए रखे बर्तन, कुर्सियों को उठा ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह प्रधानाध्यापिका पुष्पा यादव को तब हुई जब वह विद्यालय पहुंची तो देखा कि ताला टूटा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। प्रधानाध्यापक ने घटना की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी व स्थानीय पुलिस को तहरीर दी।

## लेखपाल की शिकायत पर जान से मारने की धमकी देने का दर्ज हुआ मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्रीय लेखपाल रमेश चंद्र त्रिपाठी ने रामपुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र का एक व्यक्ति ने मुझे फोन पर आज सुबह जान से मारने की धमकी दी। लेखपाल के अनुसार सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का फोन आया कि तुम जबरदस्ती निर्माण कार्य करा रहे हो ,मैं तुझे जान से मार दूंगा। जिससे उन्होंने रामपुर थाने में तहरीर दिया ।दिये गये तहरीर के आधार पर रामपुर पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सपा ने सामाजिक समीकरण के साधे सियासी निशाने

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी ने 22 में 22 संकल्प के जरिए नई सपा का सुबूत दिया। नए वादे के जरिए युवाओं पर अपना दावा मजबूत किया है। सामाजिक समीकरण साधने की पूरी रणनीति अपनाई तो भविष्य की भी खुशनुमा तस्वीर दिखाई। गांवों में शहरी चकाचौंध उतारने की ख्वाहिश को पंख लगाए हैं तो खुद के पर्यावरण इंजीनियर होने का प्रमाण भी दिया है। सपा का नारा है, 'नई सपा है, नई हवा है।' इसके सुबूत घोषणा पत्र में अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने और विदेश में शिक्षा हासिल करने के लिए फंड की व्यवस्था करने के जरिए साफ दिख रहा है। अभी तक सपा अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को बढ़ावा देने के पक्ष में नहीं थी। भाजपा ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने को उपलब्धि के रूप में गिनाया है, तो सपा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास। खाली पदों को भरने से लेकर पैरा मेडिकल व नर्सिंग स्टाफ, आशा, एएनएम भर्ती और प्रशिक्षण के लिए केंद्र खोलने की भी बात कही है। सपा ने किसानों के लिए दूध और कामधेनू योजना का ध्यान रखकर परंपरागत वोटबैंक को सहेजने की कोशिश की है। डीएपी व यूरिया को लेकर लघु व सीमांत किसानों को निश्चिंतता देने का प्रयास किया है। सपा ने महंगाई की मार से बचाने के लिए मुफ्त एक लीटर पेट्रोल जैसी योजना से हर वर्ग को जोड़ने की रणनीति अपनाई है। कानून व्यवस्था पर उठने वाले सवालों के जवाब में हाईटेक पुलिसिंग का वादा किया गया है। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व सुरक्षा का भरोसा दिलाना, आधी आबादी को खुद के साथ जोड़ने की रणनीति है। भाजपा ने मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने की घोषणा के काट के रूप में सपा ने उनकी शिक्षा पर जोर देते हुए बस यात्रा मुफ्त देने का वादा किया है। सपा ने पुरानी पेंशन योजना से कर्मचारियों और नाविकों व विश्वकर्मा समाज के लिए कॉर्पोरेशन बनाने की बात कहकर अति पिछड़ों को साधा है। सभी जिलों में तकनीकी व व्यावसायिक संस्थान की स्थापना, स्पोर्ट्स कॉलेज जैसी घोषणाएं युवाओं पर केंद्रित है। सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम के जरिए उद्योगपतियों से भी जुड़े रहने की कोशिश की है। 300 यूनिट बिजली जैसी घोषणा को दोहराते हुए बुंदेलखंड क्षेत्र के एडवेंचर, वाइल्ड लाइफ एवं हेरिटेज टूरिज्म पर भी फोकस किया है।

# पांचवें चरण में अंतिम दिन 457 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



लखनऊ ब्यूरो : पांचवें चरण में 12 जिलों की 61 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन 457 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण के लिए कुल 965 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 11 फरवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सबसे अधिक 28 उम्मीदवारों ने प्रयागराज की प्रतापपुर विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी पेश की है। वहीं सबसे कम बहराइच की महसी और बाराबंकी की हैदरगढ़ सीट से 9–9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। उधर छठे चरण के लिए अब तक 149 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इस चरण में 10 जिलों की 57 सीटों पर नामांकन की अंतिम तारीख 11 फरवरी है।

# थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त दीपक दूबे पुत्र गोरखनाथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण में दिनांक 08.02.2022 को अरसिया मोड़ के पास से समय 11.05 बजे थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह थाना सरपतहां मय हमराह पुलिस बल द्वारा एक वांछित अभियुक्त दीपक दूबे पुत्र गोरखनाथ दूबे निवासी भुसौड़ी थाना सरपतहां जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 23/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। अभियुक्त का विवरण– 1.दीपक दूबे पुत्र गोरखनाथ निवासी भुसौड़ी थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। अपराधा इतिहास का विवरण– 1. मु0अ0सं010/21 धारा 392/411 भादवि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 23/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1.संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना सरपतहां,जौनपुर। 2.का0 अमित कुमार थाना सरपतहां जौनपुर। 3. म0का0 वन्दना थाना सरपतहां जौनपुर।

**अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार द्वारा थाना सरपतहां का किया गया वार्षिक निरीक्षण**

दिनांक–08.02.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार द्वारा थाना सरपतहा, जौनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाने की बैरिक, शस्त्रागृह, कार्यालय के अभिलेख, हवालात, महिला हेल्पडेस्क व थाना इमारत का जायजा लिया गया एवं थाने पर अधिकारी/कर्मचारीगण के द्वारा शस्त्रों को खोलवाया गया और साफ–सफाई की चेकिंग की गयी। शस्त्रों की साफ–साफाई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों व सक्रिय अपराधियों की चेकिंग तथा रजिस्टर में प्रविष्टि अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आगामी चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल/बल्नरेबल मतदान केंद्रों का भ्रमण किए जाने व अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## मछलीशहर से सपा के सीटींग विधायक का टिकट कन्फर्म नही होने से बिधायक समर्थको की बढी बैचैनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर से लगातार दो बार बिधायक रहे पुर्व मंत्री जगदीश सोनकर का अब तक टिकट कन्फर्म नही होने से उनके समर्थकों मे बैचौनी बढ गयी है। लोगो का कहना है की विपरित परिस्थितियों मे मछलीशहर से सीट जीतने वाले का टिकट कन्फर्म नही होना चिन्ता की बात है। समाजवादी पार्टी के नेता चार बार से बिधायक रहे पुर्व मंत्री जगदीश सोनकर मछलीशहर से लगातार दो बार से समाजवादी पार्टी से बिधायक रहे है 2017 मे भाजपा लहर मे भी वह मछलीशहर से विधायक चुने गये थे उनके समर्थकों को भरोसा है की उनका टिकट पक्का है लेकिन जिले के मडियाहूं शाहगंज मल्हनी केराकत बदलापुर का टिकट कन्फर्म होने के बाद भी जगदीश सोनकर का टिकट की घोषणा न होने से उनके समर्थकों मे बैचौनी बढ गयी है बता दे जगदीश सोनकर का विरोध भी कुछ सपा के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश के विजय रथ यात्रा के दौरान मछलीशहर मे की थी इससे समर्थकों की चिन्ता बढी हुई है। लोगो का कहना है की विपरित परिस्थितियों मे सीट जीतने वाले जगदीश सोनकर का टिकट की घोषणा अब तक कर दी जानी चाहिए थी वही कुछ का कहना है एक दो दिन मे टिकट कन्फर्म हो जायेगा। जगदीश सोनकर के करीबी पुर्व जिला पंचायत सदस्य राम आसरे यादव दिनेश यादव हरिश्चन्द्र बिन्द आलोक मौर्या को भरोसा है की जगदीश सोनकर को पुन टिकट मिलेगा लेकिन अब तक टिकट नही मिलना चिंता की बात है यहा तक टिकट ने देरी होने पर एक सप्ताह पहले उनके एक समर्थक का विडियो भी वायरल हुआ था जिसमे जगदीश सोनकर के टिकट दिया जाना चाहिए कहा जा रहा है वायरल विडियो मे समर्थक यह कह रहे है की जगदीश सोनकर को टिकट नही मिलेगा तो वह सपा का विरोध करेगे। फिलहाल सपा का मछली शहर से टिकट की घोषणा न होने से सपा के ही नही विपक्षी पार्टी के लोग भी नजर लगाये हुए है।

## करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत : मोबाइल चार्जिंग में लगाते समय हुआ यह हादसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के हरिजन बस्ती निवासी एक युवक की करेंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती देर रात में जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर हरिजन बस्ती का निवासी मनीष कुमार पुत्र सुरेश (25) अपने कमरे में इलेक्ट्रिक बोर्ड में अपना मोबाइल फोन चार्जिंग के लिए लगा रहा था। उसी दौरान इलेक्ट्रिक बोर्ड में करेंट उतर आया जिससे मनीष कुमार करेंट की चपेट में आ गया। मनीष कुमार के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन जब कमरे में पहुचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के मुताबिक इलेक्टिक बोर्ड में एक सप्ताह पूर्व भी करेंट उतरा था। लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। यदि बिजली के इलेक्ट्रिक बोर्ड को ठीक करवा दिया गया होता तो शायद मनीष की मौत न होती। हालांकि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए बुधवार को सुबह शव का दाह संस्कार कर दिया। मनीष के मौत से गांव में शोक छाया हुआ है वही उसकी मां का रो– रो कर बुरा हाल है।

## अंतिम दिन शहर पश्चिमी सीट से डॉ. ऋचा सिंह ने किया नामांकन : सपा से टिकट मिलने का किया दावा

प्रयागराज ब्यूरो : शहर पश्चिमी में सपा टिकट पर ऋचा सिंह ने भी नामांकन कर दिया है। नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को उन्होंने पर्चा भरा। नामांकन फार्म के साथ ऋचा ने चुनाव चिह्न को लेकर पार्टी से मिला पत्र भी लगाया है। जबकि, देर रात तक यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि पहले ही नामांकन कर चुके अमरनाथ मौर्य से टिकट वापस लिया गया है या नहीं। शहर पश्चिमी से सपा ने स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी अमरनाथ मौर्य को टिकट दिया है। उन्होंने दो दिन पहले नामांकन भी कर दिया था। मंगलवार को भी उन्होंने चौथे सेट में फार्म भरा। इन्हीं के साथ ऋचा सिंह ने भी नामांकन किया। ऋचा ने सपा से दावेदारी की है। हालांकि , ऋचा सिंह सार्वजनिक तौर पर बयान देने से अभी बच रही हैं। अमरनाथ मौर्या का कहना है कि ऋचा सिंह को टिकट दिए जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वही पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हैं। अमरनाथ का यह भी कहना है कि पार्टी नेतृत्व का जो निर्देश होगा, उसका पालन होगा। जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने भी ऋचा सिंह को टिकट दिए जाने की जानकारी से इंकार किया। उनका कहना है कि अलग–अलग स्तर से ऋचा सिंह को टिकट दिए जाने की बात कही जा रही है लेकिन नेतृत्व की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। अभी कोई सूची भी जारी नहीं की गई है। योगेश का कहना है कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। 12 विधानसभा के लिए 231 दावेदार जिले की 12 विधानसभाओं के लिए विभिन्न दलों और निर्दलीय मिलाकर कुल 231 प्रत्याशी मैदान में हैं। हालांकि, नामांकन पत्रों की जांच तथा नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की संख्या में कमी आ सकती है। आखिरी दिन मंगलवार को 92 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें से कांग्रेस के छह, भाजपा एवं सपा के दो–दो उम्मीदवार भी शामिल हैं। सोमवार तक 139 लोग नामांकन कर चुके थे। सबसे अधिक प्रतापपुर में 29 प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं। वहीं मेजा में सबसे कम 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। फाफामऊ में 23, सोरांव में 13, फूलपुर में 20, प्रतापपुर में 29, हंडिया में 17, मेजा में 11, करछना में 20, शहर पश्चिमी में 24, शहर उत्तरी में 21, शहर दक्षिणी में 20, बारा में 18 तथा कोरांव में 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मंगलवार को कोरांव से भाजपा के राजमणि कोल तथा सपा के रामदेव निडर ने नामांकन किया। शहर पश्चिमी से सपा से ऋचा सिंह तथा उत्तरी से भाजपा के हर्षवर्धन बाजपेई ने नामांकन किया। कांग्रेस के सभी छह प्रत्याशी एक साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। पार्टी सिंबल पर सोरांव से मनोज पासी, हंडिया से रीना देवी बिंद, फूलपुर से सिद्धनाथ मौर्या, मेजा से शालिनी द्विवेदी, करछना से रिंकी पटेल, कोरांव से रामकृपाल कोल ने नामांकन किया। आम आदमी पार्टी के लल्लन पासी ने सोरांव, जगरनाथ पटेल ने करछना तथा हरीश चंद्र मिश्रा ने प्रतापपुर से नामांकन किया। देर रात तक प्रशासन से पूरे आंकड़े नहीं मिल पाए थे। ऐसे में आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। पिछले चुनाव में भी सपा प्रत्याशी थीं ऋचा बता दें कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पहली महिला छात्रसंघ अध्यक्ष ऋचा सिंह ने इसके पहले 2017 में भी शहर पश्चिमी से चुनाव लड़ा था। हालांकि वह सिद्धार्थनाथ सिंह से करीब 20 हजार मतों से हार गई थीं ।अमरनाथ मौर्य स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी बताए जा रहे हैं। उनको टिकट मिलने के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया था। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्याशी बदलने की मांग की जा रही थी। ऋचा सिहं ने भी पार्टी नेतृत्व से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का अमरनाथ के साथ का एक फोटो ट्विटर पर डाला था। कैप्शन में लिखा था फर्क साफ है। इस संबंध में सपा जिलाध्यक्ष योगेशचंद्र यादव ने कहा कि अभी तक फिलहाल उन्हें शहर पश्चिमी सीट से अमरनाथ मौर्य के प्रत्याशी होने की जानकारी है। ऋचा सिंह को टिकट मिलने की उनको कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल पार्टी का जो फैसला होगा वह मान्य होगा।

# कैसरगंज से आनंद ही सपा के उम्मीदवार : मसूद आलम खेमे में मायूसी और जबरदस्त नाराजगी

बहराइच ब्यूरो : कैसरगंज विधानसभा सीट पर सपा का उम्मीदवार आखिर कौन होगा, यह विवाद देर शाम थम गया। जिला संगठन द्वारा बताया गया कि कैसरगंज से सपा के अधिकृत उम्मीदवार आनंद यादव हैं। मसूद आलम सपा के अधिकृत उम्मीदवार अब नहीं हैं। संगठन अब आनंद यादव को ही चुनाव लड़ाने जा रहा है। अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा के बाद मसूद आलम खेमे में मायूसी और जबरदस्त नाराजगी है। कैसरगंज सीट से समाजवादी पार्टी की तरफ से दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। सबसे पहले मसूद आलम ने नामांकन कराया। दो दिन बाद सूचना आई कि सपा आलाकमान ने मसूद आलम को दिया गया टिकट होल्ड कर दिया है। मसूद आलम के स्थान पर आनंद यादव को टिकट दे दिया गया। इसके बाद यहां पर मसूद और आनंद समर्थकों के बीच जबरदस्त बवाल हुआ। पुतले फूंके गए और दर्जनों लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की। रविवार को मसूद आलम सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ पहुंचे, लेकिन अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात सोमवार की शाम सात बजे हुई। इस दौरान उन्होंने मसूद आलम को 24 घंटे के अंदर निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इंतजार ही हो रहा था कि जिला संगठन ने आनंद




यादव को चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू कर दी। परिदृश्यसे स्पष्ट हुआ कि मसूद आलम का टिकट कट चुका है। उधर, मसूद आलम का टिकट कटते ही बसपा से चुनाव लड़ रहे बकाउल्ला सक्रिय हो गए हैं। यहां पर बकाउल्ला मुस्लिमों में बड़े नेता हैं। बीजेपी से चुनाव लड़ रहे गौरव वर्मा ने मसूद आलम का टिकट कटते ही अपनी रणनीति में परिवर्तन शुरू कर दिया है। सभी अपनी–अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। सपा के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बताया कि आनंद यादव ही पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हैं। संगठन उन्हें ही चुनाव लड़ाने जा रहा है। हम लोगों ने तैयारी भी शुरू कर दी है।

# वाराणसी में सूरज और बादलों की आंख मिचौली : अगले दो दिन बारिश के आसार और बढ़ेगी ठंड

वाराणसी ब्यूरो : एक सप्ताह से अच्छी धूप होने के बाद वाराणसी समेत आसपास के जिलों में मौसम एक बार फिर से बदल गया है। बुधवार सुबह बूंदाबांदी हुई। उसके बाद से सूरज और बादलों की आंख मिचौली जारी है। अगले दो दिन यानी नौ–दस फरवरी को नम पछुआ हवाओं के साथ ही हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार जम्मू कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से ठंड बढ़ सकती है। वहीं बारिश की संभावना से किसानों के माथे पर चिंता लकीरें खिंच गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक आगामी नौ और दस फरवरी को बारिश की संभावना ने गेहूं, सरसों, सहित खेतों में तैयार कई सब्जियों के फसल को नुकसान होगा। चांदपुर स्थित कृषि शोध विभाग के उप निदेशक आरके सिंह का कहना है कि यदि बारिश होती है दलहन और तिलहन फसलों को नुकसान होगा। जिन किसानों ने गेहूं के खेत में सिंचाई कर दी है उसमें अधिक नमी से फसल के पीले होने की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ हवा चलती है तो फसलों के लेटने से फसलों के उत्पादन पर असर पड़ेगा। तापमान में उतार–चढ़ाव मौसमी उतार चढ़ाव के बीच वातावरण में गलन का असर भी कम हुआ है। धूप और हवा की खींचतान से तापमान में भी उतार–चढ़ाव दिख रहा है। तेज धूप के कारण मंगलवार को न्यूनतम व अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। अधिकतम पारा भी सीजन में पहली बार 25 डिग्री को पार कर 26 तक जा पहुंचा है।

# बीकापुर विधानसभा से प्रत्याशी सुनील पाठक का जनसंपर्क में हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।बीकापुर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुनील पाठक ने आज मुमताज नगर,सोहावल, रौनाही, अरकुना, कांटा चौराहा, सती चौरा,बंसहा, बड़ा गांव बाजार, ड्योढी बाजार, संजयगंज बाजार में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क



के दौरान विभिन्न बाजारों में जगह जगह लोगों ने फूल मालाओं से पार्टी प्रत्याशी सुनील पाठक का स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि वे इस बार बसपा के साथ हैं।जनसंपर्क के दौरान शत्रुघ्न वर्मा, बब्बू मौर्य, अनिल पांडे, अनंतराम, अमरजीत कोरी, विक्की पांडे, रामनाथ भारती,सुरेश कोरी, प्रवेंद्र पाठक,केके भारती, अशोक निषाद राम बहोर निषाद, शैलेश प्रजापति, रामजीत मौर्य, दुर्गा दास गौतम, मनोज वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अरुण पाल आदि साथ में मौजूद रहे।

# मुख्तार अंसारी मऊ सदर से सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे : औपचारिकताएं पूरी कराने को कोर्ट से मांगी अनुमति

वाराणसी ब्यूरो : जेल में बंद मुख्तार अंसारी को सुभासपा ने मऊ सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह जानकारी मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने मंगलवार को विशेष न्यायाधीश एमपी/ एमएलए कोर्ट में दी अर्जी बताई है। अर्जी में बांदा जेल में बंद सदर विधायक से उनके अधिवक्ता, प्रस्तावकों, नोटरी अधिवक्ता एवं फोटोग्राफरों की मुलाकात की अनुमति देने की मांग की गई है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि नियत की है। मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता की अर्जी में कहा गया है कि मुख्तार अंसारी मऊ सदर से विधायक हैं तथा इस विधानसभा 2022 के चुनाव में नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। मुख्तार अंसारी को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में 356 विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। नामांकन पत्र एवं उसके साथ संलग्न शपथपत्र पर प्रत्याशी की चल अचल संपतियों से संबंधित, मुकदमों से संबंधित जानकारियां और अन्य ब्योरे दर्ज किये जाते हैं और नामांकन पत्र पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर भी होते



हैं। नामांकन की औपचारिकताएं पूर्ण कराने के लिए उनके अधिवक्ता, नोटरी अधिवक्ता, प्रस्तावकों, फोटोग्राफर को बांदा जेल में जाने की अनुमति दी जाय। विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार चौरसिया ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए बुधवार नौ फरवरी की तिथि नियत किया है। सुभासपा के जिलाध्यक्ष रामजीत राजभर ने इसकी पुष्टि की है।

# राजघाट से अस्सी तक की लहरों पर सवार होंगे चार क्रूज : माघ पूर्णिमा से शुरू होगा ट्रायल

वाराणसी ब्यूरो : गंगधार से शिव के एकाकार का सपना साकार होने के साथ ही काशी में जल परिवहन को गति मिलने की उम्मीद है। माघ पूर्णिमा पर राजघाट से अस्सी तक चार क्रूज को गंगा की लहरों पर सवार करने की तैयारी है। इसमें घाट के दोनों छोर से क्रूज श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ललिता घाट तक पहुंचाएंगे। यह प्रयोग सफल रहा तो काशी विश्वनाथ का दर्शन जलमार्ग से करने का श्रद्धालुओं का



सपना जल्द साकार हो सकेगा। बहुत जल्द ही गंगा में चार क्रूजों का संचालन शुरू होगा। इसके बाद देसी, विदेशी पर्यटक यहां गंगा में क्रूज की सवारी का आनंद ले सकेंगे। क्रूज पर दिखाया जाएगा काशी से संबंधित वीडियो खास बात यह है कि गंगा घाटों के किनारे से जब क्रूज गुजरेगा तो लोगों को घाटों से जुड़ी जानकारियां और उसको लेकर तैयार वीडियो भी दिखाए जाएंगे। फिलहाल इस समय गंगा में अलकनंदा और रोरो सर्विस दो क्रूज चल रहे हैं। अब इनकी संख्या बढ़ाकर चार करने की तैयारी है। इसके बाद राजघाट से अस्सी तक का सफर लोग कर सकेंगे। प्रशासन की ओर से माघ पूर्णिमा से इसका ट्रायल शुरू किया जाएगा। इसी क्रूज से शिवभक्तों को ललिता घाट भी पहुंचाने की व्यवस्था रहेगी। महाशिवरात्रि पर भीड़ को लेकर प्रशासन ने जल परिवहन की कार्ययोजना बना ली है। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने कहा कि माघ पूर्णिमा से गंगा में चार क्रूज के संचालन की तैयारी है। इसको लेकर सभी औपचारिकताएं समय से पूरी करा ली जाएंगी। महाशिवरात्रि पर काशी आने वाले शिवभक्तों को ललिता घाट जाने के साथ ही राजघाट से अस्सी तक भी इस पर सवारी कर सकेंगे।

# व्यासनगर स्टेशन पर एफओबी बनना शुरू, रेल यात्रियों के साथ ही कई गांवों के लोगों को होगी सहूलियत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के व्यासनगर रेलवे स्टेशन का स्वरूप जल्द ही बदलने वाला है। इसकी पहली कड़ी में स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का काम मंगलवार को शुरू कर दिया गया है और दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे रेल यात्रियों के साथ ही कई गांवों के लोगों को सहूलियत होगी। एफओबी न होने से लोगों को रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर जाना पड़ता है। इससे उन्हें काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के स्टेशन व्यासनगर पर फुट ओवरब्रिज (एफओबी) बनाया जा रहा है। सवा दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार एफओबी की कुल लंबाई 42 मीटर और चौड़ाई तीन मीटर होगी। इससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में आसानी होगी। अभी इन गांवों के लोगों को ट्रैक पार कर जाना होता है। कभी–कभी तो स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी और ट्रेनों के नीचे से भी




गुजरना पड़ता है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में एफओबी के साथ स्टेशन के यार्ड री–मॉडलिंग का भी कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक (उत्तर रेलवे लखनऊ) सुरेश कुमार सपरा ने कहा कि व्यास नगर रेलवे स्टेशन पर एफओबी के काम की शुरुआत की जा रही है। इससे यात्रियों सहित आसपास के लोगों को सहूलियत होगी। साथ ही आने वाले दिनों में यार्ड री–मॉडलिंग का भी कार्य शुरू किया जाएगा।

# स्वच्छता के मानक पर चमके तो स्कूलों पर चमचमाएंगे 'सितारे' : मार्च तक करें आवेदन

वाराणसी ब्यूरो : अब परिषदीय विद्यालयों में भी स्वच्छता के मानकों को परखा जाएगा। शिक्षा विभाग ने न केवल कार्ययोजना तैयार कर ली है बल्कि इसे अमलीजामा पहनाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय की सुविधाओं को परखा जाएगा। व्यवहार परिवर्तन, क्षमता निर्माण व कोविड–19 से बचाव के उपायों के आधार पर स्कूलों को नंबर दिए जाएंगे। इस आधार पर स्कूलों को स्टार रेटिंग मिलेगी। हर श्रेणी में न्यूनतम थ्री स्टार रेटिंग हासिल करने वाले स्कूल पुरस्कार के लिए दावेदारी पेश कर सकेंगे। विद्यालयों में पुरस्कार पाने की होड़ कार्ययोजना के बाद विद्यालयों में पुरस्कार पाने की होड़ सी लग गई है। हर जगह तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। राज्य परियोजना की ओर से इस अभियान को शुरू किया गया है। स्वच्छ विद्यालय मानदंडों के मूल्यांकन के बाद स्टार रेटिंग प्रक्रिया का निर्धारण किया जाएगा। प्राप्तांक के आधार पर विद्यालय को स्टार रेटिंग दी जाएगी। एक अप्रैल से होगा स्कूल का चयन विद्यालय को प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम तीन स्टार प्राप्त करना अनिवार्य है। मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पुरस्कार



के लिए दावेदारी प्रेरणा एप के माध्यम से मार्च 2022 तक की जाएगी। जिला स्तर पर पुरस्कार के लिए स्कूल का चयन एक अप्रैल से 15 मई के बीच किया जाएगा। 22 मई से 30 जून के बीच राज्य स्तर के पुरस्कारों के लिए स्कूल का चयन किया जाएगा। चिह्नित विद्यालयों के सत्यापन के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कम से कम तीन स्टार रेटिंग अंक जरूरी बीएसए (वाराणसी) राकेश सिंह ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से विद्यालयों को आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय को प्राप्त करना जरूरी होगा। विद्यालय की स्थिति जानने के लिए जनपद और विकास खंड स्तर पर टास्क फोर्स समिति गठित होती।

# प्रदेश में 1997 नए मरीज मिले, 27 करोड़ से अधिक टीकाकरण : 13 मरीजों की मौत

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के 1997 नए मरीज मिले हैं, जबकि 5453 डिस्चार्ज हुए हैं। यूपी में कोरोना के कुल 23180 एक्टिव मामले है। इसमें 21822 लोग होम आइसोलेशन में है। प्रदेश में 24 घंटे में 165716 सैंपल की जांच की गई, जिसमें 1997 पॉजिटिव



पाए गए। इसमें लखनऊ में 282, गौतमबुद्धनगर 138, गाजियाबाद में 108 मरीज मिले हैं। बीते 24 घंटे में 13 मरीजों की मौत हुई है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 14 करोड़ 97 लाख 47 हजार 886 और दूसरी डोज 10 करोड़ 72 लाख 52 हजार 31 दी गयी। इसी तरह 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग को कुल पहली डोज एक करोड़ नौ लाख 79 हजार 367 और दूसरी डोज 5 लाख 78 हजार 958 दी गई है। प्रीकाशन डोज 17 लाख 69 हजार 252 डोज दी गयी है। अब तक कुल 27 करोड़ छह लाख 27 हजार 494 डोज दी गई है।

# कल मनेगा 101वां स्थापना दिवस : विश्वविद्यालय में तैयारियां पूरी : आज होगी कई प्रतियोगिताएं

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 101वां स्थापना दिवस 10 फरवरी को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी जोर –शोर से चल रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसमें विद्यार्थी बढ़–चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को 10 फरवरी को स्थापना दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस को लेकर विभागों, संकायों में तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। इसके तहत नौ फरवरी को रस्साकसी, रिले रेस, वाद–विवाद व पोस्टर प्रतियोगिता होगी। इसके लिए छात्र–छात्राओं का रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिया गया है। गीत, संगीत और नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम वहीं 10 फरवरी को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद स्थापना दिवस समारोह का आयोजन होगा। कुलपति प्रो. एके त्यागी ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह का आयोजन कोविड




नियमों का अनुपालन करते हुए किया जाएगा। आयोजन स्थल की क्षमता तीन सौ लोगों की है, लेकिन 150 लोगों को ही आमंत्रित किया गया है ताकि शारीरिक दूरी का अनुपालन हो सके। इसके साथ ही साफ–सफाई की विशेष व्यवस्था रहेगी। छात्र –छात्राओं की ओर से गीत, संगीत और नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर भी परिसर में चर्चा आयोजित की जाएगी।

# बैरिया विधायक सुरेंद्र सिंह ने दिखाई ताकत, कहा– भाजपा का शीर्ष नेतृत्व देख ले क्या चाहती है जनता, निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की

वाराणसी ब्यूरो : भाजपा से टिकट कटने से नाराज बैरिया विधायक सुरेंद्र सिंह ने मंगलवार को समर्थकों के बीच बगावती बिगुल फूंका। देवराज ब्रह्म मोड़ से बैरिया त्रिमुहानी तक जुलूस निकाल स्व. बाबू मैनेजर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद शीर्ष नेतृत्व को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अपना चश्मा उतार कर देख लें, जनता क्या चाहती है। बैरिया का टिकट दिल्ली व लखनऊ से नहीं, यहां जनता तय करती है। उन्होंने स्थानीय सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि सांसद की सपा से मिलीभगत है। भाजपा को हराने के लिए उन्होंने जानबूझकर कमजोर प्रत्याशी को टिकट दिलवाया हैं। 10 मार्च के बाद ऐसे लोगों को माकूल जवाब दूंगा। इस दौरान कई बार विधायक की जुबान लड़खड़ाई और उन्होंने सांसद तथा विधायक आनंद स्वरूप शुक्ला के खिलाफ असंसदीय शब्दों का भी प्रयोग किया। इसके साथ ही उन्होंने 11 फरवरी को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन की घोषणा की। सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को भी सांसद पर कई आरोप लगाए थे। जिस पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि वह गलतबयानी कर रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन में विधायक सुरेंद्र सिंह समेत कई पर एफआईआर बैरिया पुलिस ने विधायक सुरेंद्र सिंह सहित सात अन्य और 1000 अज्ञात लोगों पर आचार संहिता उल्लंघन सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। मंगलवार को बैरिया देवराज ब्रह्म मोड़ पर विधायक सुरेंद्र सिंह के



समर्थन हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। एनएच 31 पूरी तरह से जाम हो गया था। देर शाम बैरिया पुलिस ने विधायक सुरेंद्र सिंह सहित सात नामजद व एक हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 341, 188 कोविड महामारी अधिनियम 3 तथा 171एच अंतर्गत केस दर्ज किया। क्षेत्राधिकारी बैरिया अशोक मिश्र ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित नियमों, बैरिया लालगंज मार्ग कथा देवराज ब्रह्म मोड़ से बैरिया तिराहे तक एनएच पर जाम लगाने एवं कोविड–19 गाइडलाइन का पालन न करने में केस दर्ज किया गया है।

# नामांकन के आखिरी दिन बीकापुर से सपा प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर ने किया नामांकन

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या जनपद में पांचवें चरण की 27 फरवरी को मतदान होना है इसके चलते विधानसभा के अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया में समाजवादी पार्टी के सपा प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर ने नामांकन किया इसके साथ नामांकन के अंतिम दिन अन्य दलों ने भी नामांकन किया। अयोध्या जनपद में कुल 5 विधानसभा की सीटें हैं जिन पर सभी प्रमुख दल सपा बसपा भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य छोटे छोटे दल के प्रत्याशी अपना चुनाव लड़ रहे हैं अयोध्या विधानसभा से सपा प्रत्याशी पवन पांडे बीकापुर विधानसभा से सपा प्रत्याशी विधानसभा से आनंद सिंह, विधायक प्रत्याशी मैदान में हैं।नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी बीकापुर फिरोज खान के सपा के सभी नेता शामिल रहे बीकापुर से सपा प्रत्याशी पार्टी कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने जिला मोहम्मद शोएब खान,जुनैद खान पार्षद




हाजी असद सहित अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी ने संकल्प किया कि जनपद में 5 सीटों पर सपा को हम सब मिलकर जिताएंगे।

# बच्चे का शव नहर में बहता देख सनसनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुइथाखुर्द गांव के शारदा सहायक नहर में बुधवार को पाँच वर्षीय बालक का शव बहते देख सनसनी फैल गई। मौके पर पहुँची पुलिस उसे जीवित होने की उम्मीद में पानी से बाहर निकलवाकर तत्काल सीएससी ले आये। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घंटो प्रयास के बाद भी बालक की शिनाखध्त नहीं हो सकी। उक्त नहर के पास खेत में काम करने गये कुछ किसानो की नजर लाल जैकेट पहने तैरते एक बालक पर पड़ी। जानकारी होते ही मौके पर तमाम ग्रामीण जमा हो गए। घटना की सूचना पुलिस को देकर शव को पानी से बाहर निकाला गया। उसके शरीर पर लाल जैकेट और पैर में काले रंग का लोवर था। पुलिस के द्वारा घंटो प्रयास के बाद भी बालक की शिनाखध्त न हो पाने पर शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।